No.CBSE/CE/NPS/2021 दिनांक: 14.11.2021

सेवा में

दिल्ली में स्थित सीबीएसई से संबद्ध
सभी विद्यालय
(वेब के द्वारा)

प्रिय महोदय/महोदया,

यह पर्यावरण एवं वन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा जारी परिपत्र संख्या एफ.10(39)/ईएनवी/2021/4941-4970 दिनांक 13 नवंबर, 2021 के संदर्भ में है। परिपत्र के क्रमांक 1 पर सूचित किया गया है कि सभी विद्यालय, महाविद्यालय, शैक्षिक / कोचिंग संस्थान, कौशल विकास और प्रशिक्षण संस्थान, अन्य प्रशिक्षण संस्थान, पुस्तकालय (जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है को छोड़कर) तत्काल प्रभाव से 20/11/2021 तक बंद किए जाएंगे।

उपर्युक्त आदेशों के अवलोकन में, दिल्ली में स्थित सभी विद्यालयों को निर्देश दिया जाता है कि 16 नवम्बर, 2021 से होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं के आयोजन की तैयारी पूरी कर लें। परीक्षा संबंधी अन्य कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगे।

हस्ताक्षरित

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति:

1. वेब प्रबंधक को- कृपया सूचना हेतु